तापमान

अधिकतम 30 .3 डिग्री
न्यूनतम 6 .6 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 7 मार्च 2025



12 नर्सिंग के छात्रों ने जल शोधन संयंत्र का किया मुआयना





12 लोक अदालत के दौरान 27 केसों पर सुनाई, 8 रिहा




## खबर संक्षेप

### दुकान का ताला तोड़कर 50 हजार रुपये चोरी

**यमुनानगर।** गांव जुब्बल स्थित दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने 50 हजार रुपये चोरी कर लिए। गांव जुब्बल निवासी प्रदीप कुमार ने पुलिस को बताया कि उसकी गांव में ही दुकान है। चोरों ने चार मार्च की रात को उसकी दुकान का ताला तोड़कर गल्ले से 50 हजार रुपये चोरी कर लिए। सुबह जब वह दुकान पर आया तो उसे शटर का लगा ताला टूटा हुआ और अंदर गल्ला खुला पड़ा था। पुलिस ने जांच के बाद केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### राड मार कर फाइनेंसर का पांव तोड़ने का आरोप

**पानीपत।** पानीपत के गांव कुराना में फाइनेंसर अमित की जसमेर नामक व्यक्ति ने अपने दो साथियों के साथ मिल कर मारपीट कर उसकी टांग तोड़ दी। पुलिस को दी शिकायत में अमित ने बताया कि जसमेर ने उससे एक हजार रूपये उधार लिए थे। काफी दिन तक जसमेर ने रूपये नहीं लौटाए, वापस मांगने पर जसमेर ने व उसके दो साथियों ने उसके साथ मारपीट की और राड मार कर उसकी टांग तोड दी। पुलिस ने तीनों हमलावरों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गांव अटावला से बेटी के साथ विवाहिता लापता

**पानीपत।** पानीपत के गांव अटावला से विवाहिता अपनी छह साल की बेटी के साथ लापता हो गई। वहीं थाना मतलौडा पुलिस को दी शिकायत में विवाहिता के पति ने आरोप लगाया कि राकेश उर्फ बबला निवासी दरभंगा, बिहार उनकी पत्नी को बहला फुसला कर अपने साथ ले गया, वहीं पत्नी अपनी छह साल की बेटी के साथ उसे साथ चली गई। पुलिस ने तीनों की तलाश शुरू कर दी है।

### गांव पाथरी से किशोरी लापता, मामला दर्ज

**पानीपत।** पानीपत के गांव पाथरी निवासी 17 वर्षीय लड़की अपने घर से लापता हो गई। परिजनों ने उसकी हर संभावित स्थल पर तलाश की, लेकिन उसका सुराग नहीं लगा। वहीं लडकी के पिता की शिकाय पर थाना मतलौड पुलिस ने लडकी के लापता होने का केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### गांव बलाना में खेत से हजारों का माल चोरी

**इसराना।** पानीपत के गांव बलाना में चोरों ने किसान नारायण सिंह के खेत से 45 हजार रुपए का खरबूजे का बीज चुरा लिया। वहीं चोरों ने नारायण सिंह की दो ट्यूबवेलों से बिजली की तांबे की तार भी काटकर ले गए। इसराना थाना पुलिस ने नारायण की शिकायत पर केस दर्ज किया और घटनास्थल की जांच की।

### छात्रों को आर्मी ज्वाइन करने के टिप्स दिए

**पानीपत।** सेना भर्ती कार्यालय, रोहतक के तत्वावधान में आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया गया। आर्मी रिक्रूटिंग ऑफिस की ओर से आयोजित इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आर्मी को ज्वाइन क्यों करना चाहिए। आर्मी को ज्वाइन कैसे करना चाहिए, इन चीजों पर फोकस किया। आर्मी रिक्रूटिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट भूपेंद्र सिंह ने बताया कि आर्मी भर्ती कार्यालय की ओर से पानीपत, रोहतक, झज्जर और सोनीपत के विद्यार्थियों को अग्निवीर योजना के बारे में विस्तार से बताया गया है।

### डोडा पोस्त तस्करी का आरोपी रिमांड पर भेजा

**अंबाला।** एंटी नारकोटिक्स सैल ने चूरापोस्त तस्करी के आरोप में एक स्कोर्पियो चालक के काबू किया है। तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 53 किलो 200 ग्राम चूरापोस्त जब्त किया है। अब पुलिस ने आरोपी को तीन दिन के रिमांड पर लिया है। एंटी नारकोटिक सैल को सूचना मिली थी कि चूरा पोस्त की एक बड़ी खेप अंबाला पहुंच रही है।

### महासंगम यात्रा का हरियाणा में प्रवेश आठ मार्च को होगा

# सनातन संस्कृति को अपनाएं युवा : नैन

**दो ज्योतिर्लिंग, चार धाम व 12 शक्तिपीठ की यात्रा का प्रदेशभर में भव्य स्वागत किया जाएगा**

- 25 को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में होगा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

अंतरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन डॉ. नवीन नैन भालसी ने बताया कि इतिहास में पहली बार महादेव के आशीर्वाद से 21 दिन में 12 ज्योतिर्लिंग, चार धाम, 12 शक्तिपीठ की महासंगम यात्रा सम्पन्न हो गई। अब यह यात्रा आठ मार्च से हरियाणा में प्रवेश कर रही है। 25 मार्च को भारतवर्ष की राजधानी दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में विशाल प्रोग्राम का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने युवाओं से सनातन संस्कृति को अपनाने की अपील की। इधर, अंतर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री एवं एवीपीए इंटरनेशनल के चेयरमैन दीप सिहाग सिसाय ने बताया कि यह यात्रा महज धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति के जागरण और युवाओं को आध्यात्मिक शक्ति से जोड़ने का संकल्प बताया है। वे यात्रा के हर पड़ाव पर उपस्थित रहकर इसे सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उनका लक्ष्य मंदिरों के आधुनिकीकरण, डिजिटल बुकिंग, लाइव दर्शन, धार्मिक पर्यटन और प्राचीन धरोहरों के संरक्षण को बढ़ावा देना है, जिससे सनातन परंपरा को नई दिशा मिले व भगवा त्रिशूल यात्रा केवल शिवालयों की यात्रा नहीं, बल्कि यह भारत की सनातन आत्मा को जागृत करने की एक पुनीत पहल है। यह यात्रा हमें हमारे गौरवशाली अतीत से जोड़ती है और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक मजबूत आध्यात्मिक नींव तैयार करती है। हमारा संकल्प है कि शिवालय केवल आस्था का केंद्र न रहकर, बल्कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक ऊर्जा के केंद्र बनें, जहां से एक नए भारत की चेतना जागे।



पानीपत। अंतर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन डॉ नवीन नैन भालसी के साथ महासंगम यात्रा के यात्रीगण। फोटो : हरिभूमि

#### 120 त्रिशूलों को प्रतिष्ठित करने का है ये अभियान

इधर, परिषद की राष्ट्रीय प्रवक्ता दामिनी वशिष्ठ ने बताया कि यह यात्रा 120 पवित्र त्रिशूलों को प्रतिष्ठित करने का एक ऐतिहासिक अभियान है, जिसमें भारत के विभिन्न राज्यों के शिवालयों को एक सूत्र में पिरोया जा रहा है। यह केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति की पुनर्स्थापना और राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक दृढ़ संकल्प है।

परिषद और भगवा ऐप के संयुक्त प्रयास से यह यात्रा मंदिरों को डिजिटल तकनीक से जोड़ने, धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने और सनातन संस्कृति को युवाओं तक पहुंचाने का एक अभिनव प्रयास कर रही है। भगवा त्रिशूल यात्रा सनातन धर्म के पुनर्जागरण और मंदिरों के आधुनिकीकरण की एक ऐतिहासिक पहल बन चुकी है। यात्रा की यह दिव्य अग्निशिखा अयोध्या की पावन धरा पर पहुंचकर और भी प्रज्वलित होगी, जहां यह सनातन संस्कृति के स्वर्णिम भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगी।

#### ये रहेगा कार्यक्रम

यात्रा यमुनानगर से पंचकूला होकर चंडीगढ़ पहुंचेगी। नौ मार्च को चंडीगढ़ से अम्बाला होते हुए कुरुक्षेत्र पहुंचेगी। 10 मार्च को कुरुक्षेत्र से करनाल होते हुए गांव बड़ोता, गगसीना, मुनक, रेर कलां, धर्मगढ, कवि, मडलौडा होते हुए गंगा हेचरी गांव भालसी, पानीपत पहुंचेगी। वहीं, 11 मार्च को पानीपत से सोनीपत-गोहाना होते हुए जींद पहुंचेगी। 12 मार्च को जीन्द से गांव सिसाय, नारनौंद, हिसार पहुंचेगी। उसके बाद झज्जर होते हुए पटौदी-नलहढ महादेव होते हुए गुरुग्राम यात्रा पहुंचेगी।

# फैक्ट्री की खरीद में डेढ़ करोड़ की ठगी का आरोप

- जांच में जाली पाए गए कंप्लीशन के कागजात
- महिला समेत दो के खिलाफ केस दर्ज, पुलिस ने जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के अंसल सुशांत सिटी निवासी कमल आहुजा के साथ फैक्ट्री की खरीद फरोख्त में अजय गुप्ता व रेनु गुप्ता ने डेढ़ करोड़ रुपये की ठगी कर ली। हुडा सेक्टर 13/17 थाना पुलिस को दी शिकायत में कमल ने बताया कि अजय गुप्ता और रेनू गुप्ता ने उनसे मुलाकात की थी और बताया था कि वे महक स्पिनर्स गांव अजीजुलापुर, पानीपत के डायरेक्टर्स हैं।

सेक्टर 29 पार्ट 2 में एक फैक्ट्री है, जोकि 547 वर्गमीटर की है, जिस पर फैक्ट्री बनी है। वह उसे बेचना चाहते हैं, जोकि हर प्रकार के भार व तनाजा से मुक्त है। 22 अप्रैल 2022 को उक्त प्रॉपर्टी बेचने का 2 करोड़ 75 लाख रुपए की बात हुई। जिसमें से 20 लाख का चेक एडवांस के तौर पर ले लिया। 10 जुलाई 2022 को और 40 लाख रुपये ले लिए। 27 अगस्त को फिर 8.17 लाख रुपए ले लिए। उसने उक्त जायदाद का आगे सौदा नारायण गुलाटी व कृष्णा रानी के नाम कर दिया। जिनसे 50 लाख रुपए सीधे उक्त अजय व रेनू के खाते में ट्रांसफर किए गए। आगामी कार्रवाई करने को कहा तो दरखास्त एचएसआईडीसी इंडस्ट्रीयल एस्टेट रिफाइनरी रोड को लिखी। 22 अगस्त को विभाग द्वारा नारायण दास गुलाटी को बताया गया कि उक्त जायदाद की बाबत कोई ड्यू बकाया नहीं है और प्रोविजन ट्रांसफर उस पत्र में लिखी कंडीशन अनुसार जारी किया गया।

#### सरकारी फीस नहीं भरी

प्रोविजनल ट्रांसफर रद्द होने से ठगों ने इकरारनामा में लिख कर दिया कि वे हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण से कंप्लीशन सर्टिफिकेट करा कर देंगे। कंप्लीशन को हुडा से चेक करवाया गया, तो पता लगा कि यह कंप्लीशन के कागजात जाली है। क्योंकि जिस अधिकारी के हस्ताक्षर कंप्लीशन पर है, वह अधिकारी उस दिन हुडा पानीपत में तैनात नहीं था और अजय गुप्ता व रेनू गुप्ता ने कम्पाउंडिंग फीस सरकारी फीस भी नहीं भरी हुई है और इस फीस के बगैर हुडा कंप्लीशन पत्र जारी नहीं करता।

# सो रहे व्यक्ति की नाले में गिरने से हुई मौत

**जगाधरी के मछली बाजार में बने नाले की दीवार पर सो रहा था युवक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जगाधरी के मछली बाजार में बने गंदे नाले में गिरने से व्यक्ति की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतक व्यक्ति गंदे नाले दी दीवार पर सो रहा था। नींद के झोंके से वह नाले में गिर गया। खबर लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के लिए सिविल अस्पताल स्थित शव गृह में रखवा दिया।

जानकारी के अनुसार वीरवार सुबह करीब 40 वर्षीय व्यक्ति जगाधरी के मछली बाजार के बीच से गुजर रहे गंदे की दीवार पर सो रहा था। इस दौरान उसे नींद का झोंका आया और वह नाले में गिर गया। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना डायल 112 पुलिस टीम को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और लोगों की सहायता से उसे बाहर निकाला। मगर तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

#### शव की शिनाख्त नहीं

पुलिस ने उसकी जेबों की तलाशी ली मगर उसके पास से कोई ऐसा दस्तावेज नहीं मिला। जिससे उसकी पहचान हो सके। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के लिए सिविल अस्पताल स्थित शवगृह में रखवा दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

### अवैध नशीले पदार्थ के साथ युवक गिरफ्तार

**यमुनानगर।** जिला पुलिस की सीआईए वन पुलिस टीम ने गांव मुजाफत खुर्द के पास से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से हजारों रुपये की 1210 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेशकर कार्रवाई शुरु कर दी।

सीआईए वन पुलिस टीम में तैनात एएसआई राजेंद्र कुमार ने बताया कि वह शाम को टीम के साथ गश्त कर रहा था। इस दौरान उसे सूचना मिली थी कि गांव मुजाफत खुर्द के पास एक युवक नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में घुम रहा है। सूचना मिलते ही उसने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर वहां संदिग्ध परिस्थितियों में घुम रहे युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 1210 ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपी से बरामद की गई चरस की बाजार में कीमत हजारों रुपये में बताई जा रही है।

# कॉलेज की दीवारों पर छात्रों ने बनाए मधुबनी चित्र

- भारत की पारंपरिक लोक कला को बढ़ावा देने का अनूठा प्रयास
- पेंटिंग की इस शैली को मिथिला पेंटिंग के रूप में भी जाना गया है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आर्य कॉलेज के बी.वॉक टेक्सटाइल, फैशन और इंटीरियर डिजाइनिंग विभाग और नगर निगम पानीपत के संयुक्त तत्वावधान में भारत की पारंपरिक लोक कला को बढ़ावा देने का अनूठा प्रयास किया गया। विभाग के विद्यार्थियों ने कॉलेज की दीवार पर अद्भुत मधुबनी चित्रकलाएं बनाकर लोगो का मन मोह लिया।

कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने फैशन डिजाइनिंग व इंटिरियर डिजाइनिंग विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. संतोष टिक्कू को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने कहा कि जैसा की नाम से ही प्रतीत होता है कि मधुबनी पेंटिंग्स बिहार के मधुबनी जिले से आती है। यह वह क्षेत्र है जिसे राजा जनक का राज्य माना जाता है और यही कारण है कि पेंटिंग की इस शैली को मिथिला पेंटिंग के रूप में भी जाना जाता है। इस प्रकार की पेंटिंग्स शुरू में केवल महिलाओं द्वारा की जाती थी और आज भी इस क्षेत्र में ज्यादातर महिला चित्रकारों का दबदबा है। माना जाता है कि पेंटिंग्स उनकी आशाओं, सपनों और आकांक्षाओं को व्यक्त करती है और जब वे शादियों के लिए घरों को सजाती थीं तो उनकी खुशी छलक उठती थी। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया की दीवार पेंटिंग के रूप में शुरू हुई यह कला कपड़े, कैनवास, लकड़ी, कागज, क्रॉकरी और सजावट के सामान सहित विभिन्न माध्यमों पर सुंदर मधुबनी पेंटिंग विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई। पारंपरिक मधुबनी कला में अक्सर जटिल ज्यामितीय पैटर्न होते थे, जिसमे की पेंटिंग्स मुख्य रूप से पौधों, फलों और सब्जियों जैसे प्राकृतिक स्त्रोतों से प्राप्त रंगों का उपयोग करके बनाई जाती थी और अभी भी बनाई जाती हैं। मधुबनी चित्रकारी को बनाने के लिए लगभग 40 विद्यार्थी निरंतर एक सप्ताह तक सुबह से शाम तक कार्य करते रहे।



पानीपत। आर्य कॉलेज की दीवारों पर चित्रकारी करते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

#### नगर निगम का समर्थन

इस कार्य को अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए कॉलेज के प्राचार्य और नगर निगम पानीपत ने पूर्ण समर्थन, सामग्री और अन्य बुनियादी ढांचा प्रदान किया। इस अवसर पर विभागाध्यक्षा डॉ. संतोष टिक्कू सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की कैद

- दोषी पर 50 हजार का जुर्माना नहीं देने पर 23 साल की सजा

**पानीपत।** पोस्को एक्ट, फास्ट ट्रैक कोर्ट के एएसजे सुखप्रीत सिंह की अदालत ने किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी राहुल निवासी गांव तारपुर जिला करनाल को दोषी करार देते हुए 20 साल के कठोर कारावास की सजा दी और पचास हजार रूपये जुर्माना किया। जुर्माना नहीं देने पर दोषी को साल अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। स्मरणीय है कि सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में 13 जनवरी सन-2023 को दुष्कर्म से पीडित लडकी की मां ने बताया कि 12 जनवरी 3 को वह दवाई लेने के लिए दूसरे गांव गई हुई थी। उसकी 16 वर्षीय बेटी घर पर अकेली थी। इसी दौरान बेटी को घर में अकेला देखकर राहुल निवासी गांव तारपुर जिला करनाल घुस आया। जिसने वहां नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म किया। वहीं राहुल ने दुष्कर्म के बारे में किसी को भी बताने पर राहुल ने मां-बाप को जान से मारने की धमकी दी थी। धमकी से नाबालिग डर गई थी। जिसने घटना के अगले दिन मां को आपबीती बताई थी।

# नहरों में प्रदूषित पानी डालने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी

- पानी के ट्रैक्टर, टैंकर संचालकों पर लगाम कसेगा प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत प्रशासन ने जहरीला पानी ड्रेनों में डालने वाले ट्रैक्टर टैंकरों के संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का बीड़ा उठाया है। प्रशासन ने ऐसी फैक्ट्री संचालकों के नाम की सूची तैयार करनी प्रारंभ कर दी है जो फैक्ट्री का जहरीला पानी ट्रैक्टर टैंकरों के जरिए नदियों में डलवा रहे हैं। जल्द ही उन लोगों को चेहरा जनता के सामने लाया जाएगा जो इस घिनौने कार्य को अंजाम दे रहे हैं। उपायुक्त ने आरटीओ को ट्रैक्टर टैंकर बंद करने के भी सख्त निर्देश दिए।

उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने जिला सचिवालय के सभागार में प्रदूषण विभाग, पुलिस विभाग, सिंचाई विभाग आरटीओ व कई अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि शिकायत मिली है कि ट्रेन नंबर दो में इंडस्ट्री का जहरीला पानी रात्रि के वक्त कुछ टैक्टर टैंकरों द्वारा डाला जा रहा है। ज्यादातर कार्य ट्रैक्टर टैंकरों द्वारा रात्रि के वक्त होता है। प्रशासन इसको लेकर मुस्तैदी से कार्य कर रहा है। उन ट्रैक्टर टैंकरों का पता लगाने के प्रयास किये जा रहे हैं जो ड्रेन नंबर दो में रात्रि के वक्त इंडस्ट्री के जहरीले पानी को व कचरे को डालने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए की इसमें किसी भी तरह की कोताही नहीं बरते। इसको गंभीरता से ले व ज्यादा से ज्यादा उपरोक्त स्थान का निरीक्षण करें। रात्रि के वक्त पुलिस का सहयोग लेकर गश्त बढ़ाएं। उन ट्रैक्टर टैंकर के संचालकों का पता लगाने के निर्देश भी दिए जो इस घिनौनी हरकत को अंजाम दे रहे हैं। ये मानवता के दुश्मन है इन्हें किसी भी तरह से राहत नहीं दी जाएगी।

#### चौकसी बढ़ाने के निर्देश

उपायुक्त ने अधिकारियों को कहा कि वो रसलापुर पुल के पास रात्रि के वक्त कराड व बरसत रोड पुल के पास और चौकसी बढ़ाएं। जो ट्रैक्टर टैंकर रात्रि के वक्त वहां से गुजरती है व पानी को ड्रेन नंबर दो में डालते हैं उनके खिलाफ तुरंत कार्रवाई करें।

#### सजा का प्रावधान : एसपी

पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने कहा कि यह डेमेज टू पब्लिक प्रॉपर्टी के दायरे में आता है। जो भी ट्रैक्टर टैंकर वाले रात्रि के वक्त जहरीले पानी को ड्रेन नंबर दो के आसपास या ड्रेन में डालते हैं उनके खिलाफ तत्काल कार्रवाई करें इस मामले में सजा का प्रावधान भी है। उन्होंने प्रदूषण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां भी उन्हें डाउट लगे वहां पर पुलिस की मदद लेकर तुरंत कार्रवाई करें। उन फैक्टियों का भी पता लगाने की निर्देश दिए जो इस जहरीले पानी को ट्रैक्टर टैंकरों के जरिए ट्रेन नंबर दो में डलवा रही हैं।

### प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को मुहिम से जोड़ना होगा : महासचिव

# 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' की पॉलिसी आवश्यक : बंसल

- चुनाव समिति के सह संयोजक के निवास पर बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल ने कहा कि देश की तरक्की के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव की पॉलिसी को अपनाना होगा। इस अहम विषय को लेकर पूरे प्रदेश और देश में एक मत को तैयार करने का प्रयास करना होगा। इसके लिए प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को एक राष्ट्र एक चुनाव की मुहिम के साथ जोड़ना होगा।

महासचिव सुनील बंसल गत देर रात्रि सेक्टर 8 में 48 कोस तीर्थ निगरानी कमेटी के चेयरमैन एवं एक राष्ट्र एक चुनाव समिति के सह संयोजक मदन मोहन छाबड़ा के निवास पर समिति की अहम बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले चेयरमैन मदन मोहन छाबड़ा ने कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री अर्चना गुप्ता,एक राष्ट्र एक चुनाव के हरियाणा संयोजक एडवोकेट विजय पाल, भाजपा के जिला अध्यक्ष सुशील राणा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।



कुरुक्षेत्र। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल का स्वागत करते एक राष्ट्र एक चुनाव समिति के सह संयोजक मदन मोहन छाबड़ा।

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल ने कहा कि देश में अलग-अलग समय पर चुनाव होने पर बहुत ज्यादा खर्चा होता है। इससे देश की आर्थिक स्थिति पर सीधा प्रभाव पड़ता है और समय की बबार्दी के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारियों पर काम का भार ज्यादा हो जाता है। इन चुनावों में जब अधिकारी, कर्मचारी व्यस्त रहते है तो आम व्यक्ति के कार्य भी रूक जाते है।

इतना ही नहीं विकास की गति भी एक दम रुक जाती है। इस देश में एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने एक कानून लाने का काम किया और इसके लिए पूरे देश का जनमत तैयार करने के लिए अब तेज गति के साथ कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर पूरे समाज का एक मत बने इसके लिए अब किसानों, युवाओं, महिलाओं, बुद्धिजीवियों के साथ-साथ हर वर्ग और आम नागरिक के साथ चर्चा और बैठकों का दौर चल रहा है। यह पॉलिसी देश के हित के लिए है।

#### जागरूक बनें

हरियाणा के सामाजिक एवं न्याय अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि देश की आर्थिक स्थिति को खराब होने से बचाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में एक साथ लोकसभा व विधानसभा के चुनाव करवाने के विषय पर चर्चा की जा रही है। इस पॉलिसी को देश के प्रत्येक नागरिक को जागरूक होने की जरूरत है। हरियाणा प्रदेश के हर व्यक्ति को इस मुहिम के साथ जोड़ने का कार्य तेज गति के साथ किया जा रहा है।

# कोल्ड स्टोर का ताला तोड़कर लाखों रुपये का सामान चोरी

- पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जगाधरी रोड बिलासपुर स्थित कोल्ड स्टोर का ताला तोड़कर चोरों ने करीब दो लाख रुपये की कीमत का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

शहर की प्रोफेसर कॉलोनी निवासी रमीकांत गुप्ता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका बिलासपुर में जगाधरी रोड पर कोल्ड स्टोर है। चार मार्च को वह रात आठ बजे कोल्ड स्टोर को बंद करवाकर घर आ गया था। सुबह जब वह कोल्ड स्टोर पर गया तो मशीन रूम का ताला टूटा हुआ था और सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर वहां से चार मोटरें, दो स्टार्टर, 40 किलो कॉपर की तार, 12 क्विंटल लोहा, एक कट्टर, ड्रील मशीन, ग्रेंडर, टूल बॉक्स व अन्य सामान गायब मिला। उसने बताया कि चोरी हुए सामान की कीमत करीब दो लाख रुपये है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

### तेजली में राइस मिल से चावल के 25 कट्टे चोरी

गांव तेजली निवासी गुरशरण सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका तेजली में राइस मिल है। चोरों ने रात के राइस मिल से चावल के 25 कट्टे चोरी कर लिए। जांच करने पर जब उसे राइस मिल से चावल के कट्टे गायब मिले तो उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## खबर संक्षेप




### 11 को डीसी कार्यालय पर प्रदर्शन करेंगे कर्मचारी

**करनाल।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ की ब्लॉक करनाल कमेटी की मीटिंग कर्ण पार्क में हुई। अध्यक्षता ब्लॉक सचिव ताराचंद सैनी ने की व संचालन गिरधारी लाल ने किया। जिला प्रधान बलराज सिंह, सचिव ओमप्रकाश व राज्य सचिव कृपाल सिंह ने प्रमुख तौर पर कर्मचारियों को संबोधित किया। बैठक में कहा गया कि 11 मार्च को कुरुक्षेत्र में डीसी कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया जाएगा। आठ मार्च को महिला दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में सेवानिवृत कर्मचारी बढ़चढ़ कर भाग लेंगे।

### अश्वगंधा के गुणों को लेकर कार्यशाला 8 को

**करनाल।** महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय करनाल में अश्वगंधा के औषधीय गुणों तथा इसकी खेती के फायदों को लेकर आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित 2 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 8-9 मार्च को किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए एमएचयू के कुलपति प्रो. सुरेश मल्होत्रा ने बताया कि कार्यशाला में मुख्य अतिथि के तौर पर नेशनल मेडिसनली प्लांट बोर्ड आयुष मंत्रालय नई दिल्ली के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ महेश कुमार विशेष तौर पर कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

### गोवा प्रवास के दौरान पर्यटकों को योग कराया

**करनाल।** प्रसिद्ध योग शिक्षक दिनेश गुलाटी जो पिछले 20 सालों से करनाल और भारत को स्वस्थ करने की दिशा में अग्रसर है उन्होंने अपने गोवा प्रवास के दौरान खुद भी योग किया और दूसरों को भी योग करने के लिए प्रेरित किया। हार्ड रॉक होटल गोवा में आए हुए पर्यटकों को योग करवाते हुए उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य बेहतर रखने के लिए नियमित योग करना जरूरी है।

### सभी को प्रकृति को दूषित होने से बचाने का संकल्प लेना होगा

# पर्यावरण को शुद्ध एवं स्वच्छ रखने को वृक्ष लगाना समय की मांग: विधायक

प्रकृति स्वच्छ एवं हरी-भरी होगी तो हमें कोरोना जैसी बीमारियों का सामना नहीं करना पड़ेगा

- विधायक को कार्यकर्ताओं ने दी जन्मदिन की बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंद्री

विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने अपने जन्मदिन के अवसर पर भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर एसटीपी नजदीक पब्लिक हेल्थ विभाग कार्यालय के प्रांगण मे पौधारोपण कर लोगों को पर्यावरण स्वच्छ बनाए रखने का संदेश दिया।

विधायक ने पौधारोपण करते हुए कहा कि पर्यावरण को शुद्ध एवं स्वच्छ बनाए रखने में पेड़-पौधे की अहम भूमिका होती है। इसलिए पर्यावरण की रक्षा के लिए पेड़-पौधों का अधिक से अधिक मात्रा में रोपित करना हम सभी के हित में है। यदि हमें अपनी आने वाली पीढ़ियों के उज्जवल भविष्य तथा उन्हें स्वच्छ एवं शुद्ध पर्यावरण देना है तो हमें अधिक से अधिक पेड-पौधे अवश्य लगाने ही होंगे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के गिरते स्तर के कारण हमें अनेक प्रकार की भंयकर बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है, इसलिए पर्यावरण को शुद्ध एवं साफ रखने के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाना समय की मांग ही नहीं अपितु हमारे लिए बहुत जरूरी भी है। उन्होंने ने कहा कि हमें पेड-पौधों रोपित करने के साथ-साथ जब तक वे अच्छी तरह से तैयार नहीं हो जाते तब तक उनकी देखभाल करनी भी हमारी जिम्मेदारी एवं कर्तव्य बनता है। उन्होने कहा कि प्रकृति से हमें ऑक्सीजन के अलावा सब कुछ मिल रहा है, प्रकृति को स्वच्छ एवं हरा-भरा रखने की जिम्मेवारी भी हमारी ही बनती है, यदि हमारी प्रकृति स्वच्छ एवं हरी-भरी होगी तो हमें कोरोना जैसी बीमारियों का सामना नहीं करना पडेगा। उन्होंने कहा कि यदि हम अभी से यह संकल्प कर लें कि हमें पेड-पौधे लगाकर प्रकृति को स्वच्छ एवं साफ रखना है तो यह संकल्प हमारे लिए आने वाले समय में एक वरदान साबित होगा। इसलिए हम सभी ने मिलकर प्रकृति को दूषित होने से बचाने का संकल्प लेना होगा। उन्होंने ने कहा कि यदि हम अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने की प्रतिज्ञा करें तो इससे न केवल हमें स्वास्थ्य लाभ होगा बल्कि हम अपनी आने वाली पीढ़ियों को साफ एवं स्वच्छ पर्यावरण देने का काम करेंगे। इस मौके पर काफी संख्या मे भाजपा के नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहें ।


इंद्री। पब्लिक हेल्थ विभाग कार्यालय के प्रांगण मे पौधारोपण करते विधायक रामकुमार कश्यप। फोटो : हरिभूमि

**रोपे अधिक पौधे**

विधायक ने लोगों को प्रेरित करते हुए कहा कि पर्यावरण की रक्षा के लिए पेड़-पौधों का अधिक से अधिक मात्रा में रोपित करना सभी के हित में है। यदि हमें अपनी आने वाली पीढ़ियों के उज्जवल भविष्य तथा उन्हें स्वच्छ एवं शुद्ध पर्यावरण देना है तो हमें अधिक से अधिक पेड़-पौधे अवश्य लगाने ही होंगे। पेड़ों के बिना धरती पर जीवन की कल्पना करना असंभव है इस लिए सभी को पौधरोपण के लिए आगे आना समय की मांग है।

# डेयरी प्रबंधन पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन

- डेयरी फॉर्मिंग की बारीकियां सीख कर लौटे विभिन्न राज्यों से आए 50 युवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एग्रीकल्चर एक्सटेंशन मैनेजमैंट हैदराबाद की ओर से एग्री क्लीनिक एवं एग्री बिजनेस सेंटर योजना के अंतर्गत आधुनिक डेयरी प्रबंधन विषय पर वीरवार को मॉल रोड स्थित डॉ. हैरी डेयरी सेंटर के सभागार में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया। जिसमें महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, तमिलनाडू, उत्तरप्रदेश, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा व पंजाब राज्यों से करीब 50 युवा डेयरी फॉर्मिंग की बारीकियां सीख कर अपने अपने शहर को लौटे । डॉ. हैरी डेयरी एंड अलाइड कंसलटेंसी करनाल के तत्वावधान में आयोजित शिविर में युवाओं को उन्नत नस्ल के पशुओं का चयन, वैज्ञानिक तरीके से डेयरी प्रबंधन, शुद्ध दुग्ध उत्पादन और दूध की मार्केटिंग स्वयं करने जैसे बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के विशेष अतिथि डॉ० जय कुमार श्योराण नोडल अधिकारी जय बजरंग प्रतिष्ठान बड़ौत यूपी, डॉ बृज किशोर यादव पूर्व अधिकारी केवीके एनडीआरआई, सतीश कांबोज मधुमक्खी पालन विशेषज्ञ व नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एग्रीकल्चर एक्सटेंशन मैनेजमैंट हैदराबाद के सलाहकार डॉ भावांजलि ने युवाओं को प्रशिक्षित किया।



**डेरी के महत्वपूर्ण बिंदु बताए**

वैज्ञानिकों ने बताया कि डेरी फार्मिंग के लिए अच्छी नस्ल के पशुपालन करें। गर्मियों के दिन में जब हरा चारा कम पड़ जाए या खत्म हो जाए तो पशुओं के लिए चारे की कैसे व्यवस्था करें इसके बारे में जानकारी दी। राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान के पूर्व वैज्ञानिक ने प्रशिक्षणार्थियों को डेयरी, प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत कराया। यह व्यवसाय में बहुत अहम हैं।



### प्रदर्शनी में छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया

**करनाल।** केवीए डीएवी महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कई पुरस्कार जीते हैं। अंबाला के डीएवी कालेज (लाहौर) में आयोजित राज्य स्तरीय भूगोल मॉडल प्रदर्शनी व पोस्टर प्रस्तुति में छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया।

# एनएसएस शिविर में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का दिया संदेश

- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राजकीय महाविद्यालय, बस्तली में विद्यार्थियों व स्टाफ के लिए जागरूकता शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चंद्रशेखर के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राजकीय महाविद्यालय, बस्तली में विद्यार्थियों व स्टाफ के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं , जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डा. इरम हसन ने उपस्थित विद्यार्थियों व स्टाफ को कार्यस्थल पर यौन शोषण से बचाव के लिए गठित आंतरिक व स्थानीय कमेटी के बारे में जानकारी दी और संबधित जानकारी का बैनर भी कॉलेज में लगाया। इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों ने पेंटिंग, स्लोगन राइटिंग व डिबेट में भाग लिया।

मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इरम हसन ने महिला एवं बाल विकास विभाग जिला कार्यक्रम अधिकारी सीमा प्रसाद के सौजन्य से बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत विजेताओं को मेडल व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर जिला बाल सरंक्षण विभाग से सुमन नैन व पूनम श्योरायण भी उपस्थित थी।



### अवैध कॉलोनियों पर प्रशासन हुआ सख्त

**करनाल।** करनाल के मंडल आयुक्त राजीव रतन ने डीटीपी को सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने वालों और शहर में अवैध कॉलोनियों के निर्माण करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं। उन्होंने डीटीपी को यह भी निर्देश दिए हैं कि वे जिले में समय-समय पर सरकारी भूमियों का निरीक्षण करें और इसके साथ-साथ अवैध कॉलोनियों पर भी पैनी नजर रखें। जैसे ही कहीं किसी प्रकार का अतिक्रमण और अवैध कॉलोनी पनपे, तत्काल कार्रवाई की जाए। उन्होंने डीटीपी को अपने अधीनस्थ कर्मचारियों की ड्यूटी फील्ड में लगाने के भी निर्देश दिए ताकि ऐसे अवैध अतिक्रमणों पर लगाम लगाई जा सके। समय-समय पर कार्रवाई रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय के माध्यम से उनके कार्यालय में भिजवाना सुनिश्चित करें।

# हाई जंप में काफी ने पाया प्रथम स्थान और शिवानी रही दूसरे पर

- कार्यक्रम का संचालन शारीरिक शिक्षा विभाग की इंचार्ज डॉक्टर रेखा की देखरेख में किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंद्री

शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय में दो दिवसीय 19वी एनुअल एथलेटिक मीट के दुसरे दिन कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर महेंद्र सिंह बागी ने की । कार्यक्रम का संचालन शारीरिक शिक्षा विभाग की इंचार्ज डॉक्टर रेखा की देखरेख में किया गया । प्रतियोगिता मे महिला हाई जंप में प्रथम स्थान काफी ,द्वितीय स्थान शिवानी व तृतीय स्थान मीनाक्षी ने हासिल किया। पुरुष हाई जंप में ललित प्रथम स्थान, सचिन कुमार द्वितीय स्थान व आशु ने तृतीय स्थान हासिल किया। महिला 100 मीटर रेस में काफी प्रथम स्थान, दीक्षा द्वितीय स्थान व मीनाक्षी तृतीय स्थान पर रही। पुरुष 100 मीटर रेस में गौरव प्रथम स्थान ,सचिन कुमार द्वितीय स्थान और अश्वनी तृतीय स्थान पर रहे। महिला चाटी रेस में अंजली प्रथम स्थान , लक्ष्मी द्वितीय स्थान और माफी तृतीय स्थान पर रही। महिला 3 लेग रेस खुशी, अंजली प्रथम स्थान, शिवानी, सुनीता द्वितीय स्थान और लक्ष्मी, प्रिया तृतीय स्थान पर रही।


इंद्र। प्रतियोगिताओ मे भाग लेते महाविद्यालय के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

# तीन दिवसीय 'साइबर कोर्स' का हुआ आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, प्रमुख/पुलिस महानिदेशक ओ.पी. सिंह, आईपीएस के कुशल मार्ग निर्देशन, दिशा निर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा के कुशल नेतृत्व में विभाग को अत्याधुनिक बनाने के लिए तीन दिवसीय 'साइबर कोर्स' की शुरूआत ब्युरो के मुख्यालय पर हुई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वयं पुलिस अधीक्षक श्री मोहित हांडा द्वारा की गई। इस कार्यक्रम मे साइबर सेल मुख्यालय के नोडल अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक रोहतक एवं कोर्स डायरेक्टर सतेन्द्र कुमार, उप पुलिस अधीक्षक अम्बाला जगबीर सिंह भी उपस्थित रहे। यह कोर्स साइबर एक्सपर्ट दर्शन पांडे तकनीकी सलाहकार स्पेशल टास्क फोर्स हरियाणा की अगवाई मे चलेगा। दर्शन पांडे बतौर साइबर एक्सपर्ट पिछले कई वर्षों से हरियाणा और पंजाब पुलिस को सेवाये दे रहे है।

कोर्स मे हरियाणा एनसीबी मुख्यालय पर तैनात साइबर सेल के कर्मचारियों के साथ साथ एनसीबी की समस्त ईकाईयो मे तैनात साइबर कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में ब्युरो के लगभग 25 कर्मचारियों भाग ले रहे है। इस कार्यक्रम मे साइबर के विभिन्न पहलुओ और विषयों पर चर्चा की जाएगी।

# बाबा श्याम के दरबार में भजनों पर झूमे भक्त, लगे जयकारे

- धूमधाम से मनाया जा रहा है श्री श्याम फाल्गुण महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

श्री खाटू श्याम मंदिर पुरानी अनाजमंडी में श्री श्याम फाल्गुण महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। मंदिर के प्रवेश द्वार पर सेल्फी प्वाइंट बनाया गया है, जिस पर जय श्री श्याम और काम तो मेरा श्याम ही आएगा लिखा हुआ है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्याम बाबा के दर्शनों के लिए पहुंच रहे हैं। मान्यता है कि श्याम बाबा हारे का सहारा हैं अर्थात अपने भक्त को वह जीवन में कभी हारने नहीं देते। श्री श्याम सलोना कीर्तन मंडल की ओर से आयोजित 10 दिवसीय महोत्सव के पांचवे दिन गतिक सिंगला, अमित केशव, सागर संधू चंडीगढ़ ने अपने भजनों के माध्यम श्याम बाबा की महिमा का बखान किया। यजमानों और अतिथियों के रूप में यशपाल ठाकुर चैयरमैन केश कला बोर्ड, जयंत जोशी, देवी दयाल, प्रदीप अग्रवाल, योगेश गोयल अंकुर गर्ग, अमित गर्ग ट्रस्टी मां वैशनौ देवी ईंटरनैशनल फांउडेशन ने शिरकत की। मंडल की ओर से उन्हें स्मृति चिह्न भेंट किए गए। लखदातार युवा परिवार करनाल, श्री श्याम युवा परिवार घरौंडा, आदिशक्ति मां झंडेवाली सेवा समिति (रजि) करनाल के सदस्यों ने भी श्याम बाबा का आशीर्वाद लिया।



### चिकित्सा की दृष्टि से महान कार्य है रक्तदान

**इंद्री।** इन्द्री के विधायक एवं गवर्नमैंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप के जन्मदिन के उपलक्ष में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की ओर से शिव मंदिर हाल गांव ब्याना में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें भाजपा के जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए विधायक गवर्नमैंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि विधायक रामकुमार कश्यप की ईमानदारी व सादगी से हम भलीभान्ति परिचित है। भाजपा जिलाध्यक्ष ने रक्तदान शिविर के अवसर पर बोलते हुए कहा कि चिकित्सा की दृष्टि से तो एक महान कार्य है ही, परन्तु सामाजिक दृष्टि से भी सर्वोच्च कार्य है।

# क्रिकेट ग्राउंड बनने से विश्व पटल पर चमकेगा करनाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल



- अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट ग्राउंड बनने से विश्व पटल पर होगा करनाल का नाम : डा अशोक

पूर्व पार्षद एवं भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डा अशोक कुमार ने हरियाणा के मुख्यमंत्री द्वारा रखी प्री बजट परामर्श बैठक में करनाल विधायक जगमोहन आनंद द्वारा करनाल में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम बनाये जाने की मांग का स्वागत करते हुए कहा कि करनाल में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम बनने से करनाल में क्रिकेट को बढ़ावा मिलेगा और प्रतिभाशाली खिलाड़ी भी उभरकर बाहर आएँगे। उन्होंने कहा कि भारत में क्रिकेट का जुनून हमेशा से रहा है और करनाल में भी बड़ी संख्या में क्रिकेट के खिलाड़ी हैं, लेकिन स्टेडियम और संसाधनों के अभाव में उन्हें सही मुकाम नहीं मिल पा रहा है। वहीं अपनी पहचान बनाने में खिलाडियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इन्हीं सब दिक्कतों को दूर करने के लिए विधायक जगमोहन आनंद का प्रयास सराहनीय है। उन्होंने कहा कि विधायक जगमोहन आनंद ने जो करनाल में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम बनाने की मांग हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी के समक्ष रखी है ओर स्टेडियम बनने से करनाल का नाम विश्व पटल पर प्रसिद्ध होगा।

# कैंप में सीजेएम ने महिलाओं को दी अधिकारों की कानूनी जानकारी

- धगुरु नानक खालसा कॉलेज में लगा महिला जागरूकता शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

गुरु नानक खालसा कॉलेज करनाल में महिला प्रकोष्ठ और कानूनी प्रकोष्ठ द्वारा महिला दिवस के पावन अवसर पर महिला जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव तथा सी.जे. एम. डॉ. इरम हसन ने महिलाओ के अधिकार सम्बंधी कानूनी जानकारी प्रदान की। उन्होंने महिला उत्पीडन तथा पोस्को एक्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं एवं छात्राओं के यौन उत्पीडन से बचाव के लिए भी कानूनी जानकारी दी। इसके लिए फ्री कानूनी सहायता और टोल फ्री नम्बर की भी सहायता ली जा सकती है। उन्होंने कहा कि कालेजो में भी एक कमेटी का गठन किया जाए जो यौन उत्पीडन से सम्बंधित शिकायतों का निवारण करे उन पर उचित कार्यवाही करे। एडवोकेट मीनाक्षी गुप्ता ने कहा कि हमेशा अपराध के विरुध आवाज उठानी चाहिए और कभी भी झूठी शिकायत नहीं करनी चाहिए अगर कोई महिला लिखना नही जानती तो वो अपने गांव के सरपंच, एम.सी या अन्य किसी से शिकायत लिखवा कर कार्यवाही करवा सकती है। कॉलेज की प्राचार्या प्रो. शशि मदान ने सी.जे.एम.डॉ. इरम हसन का स्वागत किया और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ की इंचार्ज प्रो. अन्जु चौधरी, प्रो. प्रीति, डॉ. बलजीत कौर, प्रो. भावना शर्मा, डॉ. वीना वैद्य, प्रो. मनीष, चेष्टा अरोड़ा, प्रो. स्नेहा, डॉ. बीर सिंह तथा भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



**एनएसएस कैंप** खालसा कालेज के सात दिवसीय एनएसएस कैम्प का शुभारम्भ

शिविर में आयोजित गतिविधियों में भाग लेकर छात्रों ने दिया प्रतिभा का परिचय

# एनएसएस शिविर से छात्रों में पैदा होती है राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति की भावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

गुरु नानक खालसा कॉलेज के सात दिवसीय एनएसएस कैंप का शुभारम्भ हुआ। कालेज की प्राचार्य प्रो. शशि मदान ने हरी झंडी दिखा कर कैम्प को गांव काछवा के लिए रवाना किया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो. शशि मदान ने कहा कि एनएसएस माध्यम से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व में सुधार आता है और उनमें नेतृत्व क्षमता में भी अभिवृद्धि होती है। प्राचार्या ने कहा कि आप सब विद्यार्थी अनुशासित और सेवा भाव का एक अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करना है। राष्ट्रीय एकता, अखण्डता में अपना योगदान देते हुए लोगों को सेवा एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करना। सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रदीप कुमार ने बताया कि विद्यार्थी अगले सात दिनो तक गांव काछवा मे रहेंगे और रात-दिन वही रह कर अपनी सेवा देंगे इसके लिए सभी प्रबंध कर लिए गए है। पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बीर सिंह ने बताया कि कालेज का एनएसएस का इतिहास स्वर्णिम रहा है और हमें उसे कायम रखते हुए बेहतरीन सेवाएं देनी है। इस अवसर पर प्रो. अन्जु चौधरी, प्रो. प्रीति, कार्यक्रम अधिकारी प्रथम डॉ. अजय, डॉ. जतिन्दरपाल, प्रो. मनीष, प्रो. प्रियंका एवं भारी संख्या मे छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कालेज प्रबंधन समिति के प्रधान स. कंवरजीत सिंह प्रिंस ने प्राचार्या, स्टाफ़ तथा विद्यार्थियों को कैम्प हेतु आग्रम शुभकामनाएं दी।



### शिविर में पढ़ाया कर्तव्यनिष्ठता का पाठ

घरौंडा। राजकीय महिला महाविद्यालय बसताडा घरौंडा द्वारा गांव बसताडा में सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ प्राचार्य डॉक्टर महेंद्र सिंह बागी जी के मार्गदर्शन का कार्यवाहक प्राचार्य नरेश सिंह जी के कुशल नेतृत्व राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी श्रीमती अनुराधा के संयोजन में आरंभ हुआ। सात दिवसीय शिविर का मुख्य थीम यूथ फॉर माई भारत है। कार्यवाहक प्राचार्य नरेश सिंह जी ने मुख्य अतिथि श्रीमती चंचल रानी सेवानिवृत्त प्राचार्या ज्योतिबा फुले राजकीय महाविद्यालय, रादौर का स्वागत करते हुए उनके प्रभावशाली व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला । साथ ही उन्होंने कहा कि एनएसएस का एकमात्र उद्देश्य स्वयंसेविकाओं के व्यक्तित्व को निखारना,भविष्य में कर्तव्यनिष्ठ एवं संवेदनशील बनाना है।

## खबर संक्षेप

### आईबी कॉलेज में एनएसएस कैंप का किया शुभारंभ

**पानीपत।** आईबी कॉलेज में एनएसएस यूनिट द्वारा सात दिवसीय स्पेशल कैंप जिसका विषय यूथ फॉर डिजिटल लिटरेसी का शुभारंभ किया गया। सर्वप्रथम प्रातः कालीन में स्वयंसेवकों को योगा करवाया गया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. सोनू जी, आईबीएल सोसाइटी के महासचिव रवि गोसाई, प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा, उप प्राचार्या डॉ. किरण मदान, डॉ. पूनम मदान, डॉ. सुनीता ढांडा, डॉ. जोगेश, खुशबू द्वारा कैंप शुभारंभ किया गया।

### छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के महत्व बताए

**पानीपत।** चौधरी देवीलाल पीजी कॉलेज सिवाह में एक दिवसीय एनएसएस कैंप का आयोजन किया गया। जिसकी शुरुआत योग्या अभ्यास द्वारा की गई। एनएसएस प्रोग्राम ऑफिस पूनम कादियान के द्वारा सफाई के महत्व से अवगत कराया गया तथा असिस्टेंट प्रोफेसर अनु गुलिया ने एनएसएस छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में बताया तथा पेड़ पौधों की देखभाल कैसे की जाती है छात्राओं को व्यावहारिक रूप से अवगत कराया।

### अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए

**पानीपत।** पानीपत जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉक्टर किरण सिंह ने बुधवार को ऑफिस व गांव निजामपुर में चल रहे विकास कार्यों का औचक निरीक्षण कर विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जन संवाद, सीएम विंडो पर जो भी पेंडेंसी हैं उन्हें तत्काल पूरा करें व समन्वय स्थापित करके कार्य करें। उन्होंने कहा कि वह सरकार की योजनाओं को लेकर सीएम विंडो से मिलने वाली शिकायत और जन संवाद की शिकायतों का रोजाना रिव्यू करेंगे इसके लिए सभी को तनमान्यता से कार्य करना होगा।

### छात्रा ने रिश्तों की पसंद पर शोध किया

**पानीपत।** पानीपत की छात्रा देविका वडेरा ने आत्मधारित आकर्षक और रिश्तों की पसंद पर शोध किया है। हालिया अध्ययन में यह जांचा की 18 से 25 आयु वर्ग के युवाओं में आत्मधारित आकर्षण, साथी चयन और सहमति आधारित गैर एक पत्नीवाद को कैसे प्रभावित करता है। परिणामों से पता चला कि आत्म धारित आकर्षण और गैर एक पत्नीवाद के प्रति झुकाव के बीच कोई महत्वपूर्ण संबंध नहीं है।

### श्री श्याम ध्वज यात्रा नौ मार्च को होगी

**पानीपत।** श्री श्याम लाडला परिवार कुराड़ द्वारा चौथी श्री श्याम ध्वज यात्रा नौ मार्च को आयोजित की जाएगी। यह जानकारी देते हुए श्री श्याम लाडला परिवार कुराड़ के सदस्य अजय शर्मा ने बताया कि गांव के मुख्य अड्डे से 9 मार्च को सुबह 6 बजे एक भव्य श्री श्याम ध्वज यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें श्याम भक्त श्री श्याम जी के भजनों पर झूमते गाते हुए श्री श्याम ध्वज लेकर पैदल चुलकाना धाम स्थित श्याम बाबा के मंदिर में पहुंचकर ध्वज चढ़ाएंगे और श्री श्याम बाबा के दर्शन करेंगे।

### लड़कियों के लिए बसें उपलब्ध कराने की मांग

**पानीपत।** सार्वजनिक परिवहन से संबंधित समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति, मजदूर संगठन सीटू, अखिल भारतीय किसान सभा, रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा, संगठनों के संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने रोडवेज जीएम विक्रम कंबोज के माध्यम से परिवहन मंत्री अनिल विज के नाम ज्ञापन देकर हरियाणा में महिलाओं के लिए और स्कूल में पढ़ने वाली लड़कियों के लिए सरकारी परिवहन के साधन रोडवेज बसों उपलब्ध कराने की अपील की।

### कृति ने जीता वुशु में गोल्ड

**समालखा।** वुशु चैंपियनशिप में कृति बेनीवाल ने स्वीटजरलैंड की खिलाड़ी को हराकर गोल्ड मेडल जीताह है। वहीं समालखा पहुंचने पर कृति बेनीवाल का फूलों एवं नोटों की माला से विधायक मनमोहन भड़ाना के सचिव, वुशु कोच राजीव कुमार, रजनी देवी, भीम सिंह बेनीवाल, आजाद सिंह, राजेश आदि उपस्थित रहे।

## एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में वार्षिक एथलेटिक मीट का भव्य आयोजन

# नशे व मोबाइल से दूर रहकर मेहनत करें युवा

- एथलेटिक मीट में ओवर आल प्रदर्शन के आधार पर छात्र अंकुश और छात्रा सुनीता बेस्ट एथलीट बने

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

एसडी पीजी कॉलेज में वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का उद्घाटन किसी और ने नहीं बल्कि कॉलेज की ही एक खिलाड़ी भतेरी ने किया। अति विशिष्ट उपस्थिति में कॉलेज प्रधान दिनेश गोयल, जनरल सेक्रेटरी महेंद्र अग्रवाल और कोषाध्यक्ष विशाल गोयल ने एथलेटिक मीट में शिरकतकी। मेहमानों का स्वागत प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा और शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष प्रो सुशीला बेनीवाल ने पुष्प रोपित गमले और शाल भेंट कर किया। वहीं, एथलेटिक मीट में ओवर आल प्रदर्शन के आधार पर छात्र अंकुश और छात्रा सुनीता बेस्ट एथलीट बने। महिला वर्ग में 100 मीटर की दौड़ में प्रो. निधि, प्रो साक्षी एवं प्रो. भारती ने और पुरुष वर्ग में प्रो. मनीष, प्रो. कमल एवं प्रो. आशीष ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं, गांव उंटाला निवासी भतेरी ने बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा है और उन्होंने 12 वर्ष की आयु में योग साधना को अपनाया और राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिताओं में स्वर्ण, रजत, कांस्य पदक के साथ 23 लाख रूपये की धनराशी जीत चुकी है। दूसरी ओर, भतेरी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि अनुशासित मेहनत के बल पर ही इंसान को सफलता मिलती है। युवाओं को नशे व मोबाइल से दूरी बना कर आगे बढ़ाना चाहिए। प्राचार्य डॉ. अनुपम ने कहा कि खेल हमारे खुद के व्यक्तित्व केविकास, समाज के उत्थान, देश के विकास, हमारे आत्म-विश्वास, आत्मबोध, मनोरंजन, जातीय सद्भावना को बढ़ाने और राष्ट्र के निर्माण के लिए अत्यधिक आवश्यक है।



**पानीपत।** एसडी कॉलेज के वार्षिक खेलकूद के शुभारंभ अवसर पर अतिथियों का स्वागत करते हुए प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा।




**पानीपत।** बाल विवाह के विरुद्ध जागरूकता अभियान का दृश्य। फोटो :हरिभूमि

# समाज पर कलंक है बाल विवाह और यौन शोषण

हरिभूमि न्यूज ⏭ समालखा

समालखा के स्कूलों एवं गांवों में चलाया जागरूकता अभियानएमडीडी आफ इंडिया, बाल विवाह निषेध अधिकारी तथा शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में पटेल सीनियर सेकेंडरी स्कूल पट्टीकल्याणा एवं विकल्प पब्लिक स्कूल रॉक्सेडा तथा आंगनवाड़ी केंद्र में बाल यौन दुर्व्यवहार, बाल विवाह मुक्त एवं बाल मजदूरी मुक्त जिला बनाने को लेकर जागरूकता कार्यक्रम किया गया। विकल्प पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल सुभाष चन्द ने कहा कि बाल विवाह के कारण लड़कियों की शिक्षा वहीं की वहीं रुक जाती है जिससे उनका शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक तथा आर्थिक विकास नहीं हो पाता। पटेल सीनियर सेकेंडरी स्कूल से प्रिंसिपल रेणु छौक्कर ने कहा कि बाल विवाह कानून एवं बाल मजदूरी कानून के बारे में ज्यादा से ज्यादा लोगों को अवगत कराकर ही बाल विवाह पर रोक लग सकती है।

# दीर्घकालिक विकास को बाधित करती है अवैध कॉलोनियां

- सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने के निर्देश पानीपत प्रशासन को दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

करनाल मंडलायुक्त राजीव रत्न ने पानीपत में सरकारी भूमि पर बड़े पैमाने पर अतिक्रमण और अनाधिकृत कालोनियां के तेजी से बढ़ने के दृष्टिगत कड़े निर्देश दिए हैं और कहा है कि ये अवैध गतिविधियां जिले के नियोजित विकास के लिए एक महत्वपूर्ण खतरा हैं और समुदाय के विभिन्न पहलुओं पर दूरगामी हानिकारक प्रभाव डालती हैं। सभी सम्बंधित अधिकारी सरकारी भूमि पर अतिक्रमण हटावाने अनाधिकृत कॉलोनियों को बढ़ने से रोकने के लिए उपाय करें। सरकारी भूमि पर अतिक्रमण का शहरी नियोजन पर गहरा प्रभाव पड़ता है। यह निर्धारित भूमि उपयोग को बाधित करता है, बुनियादी ढांचे के विकास में बाधा डालता है, और अव्यवस्थित और अस्थिर शहरी फैलाव पैदा करता है। नियोजित सड़कें, सार्वजनिक स्थान और आवश्यक सुविधाएं लागू करना असंभव हो जाता है, दीर्घकालिक विकास संबंधी बाधाएं पैदा होती हैं। अवैध कालोनियों के निर्माण की रोक व सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने के निर्देश पानीपत प्रशासन को दिए।

# रिफाइनरी ने 116 छात्राओं को साइकिल भेंट की

- कॉर्पोरेट पर्यावरण दायित्व के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों से अवगत करवाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

इंडियन ऑयल की पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स (पीआरपीसी) ने अपने कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के अंतर्गत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, गांव बिहोली में 116 स्कूली छात्राओं को साइकिल वितरण की। पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स द्वारा इसके पहले 19 फरवरी को सिठाना गांव की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की 175 छात्राओ एवं चार मार्च को खोराखेड़ी गांव की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की 98 छात्राओ को साइकिल वितरण की गई थी।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमएल डहरिया, कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख, (पीआरपीसी) थे तथा ओम प्रकाश , मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) पीआरपीसी, विवेक नारायन, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) पीआरपीसी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर मंजु देवीजी, सरपंच, एवं रमेश जी, सरपंच प्रतिनिधि, बहोली आदि उपस्थित रहे। इधर, डहरिया ने अपने संबोधन में कहा कि पीआरपीसी इंडियन ऑयल के मूल मूल्य राष्ट्र प्रथम की अवधारणा के तहत यह काम किया है। इससे पहले विवेक शर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक, (सीसी एवं सीएसआर) ने अपने स्वागत भाषण के अंतर्गत पीआरपीसी प्रबंधन वर्ग की ओर से आसपास के गांवों के सरकारी विद्यालयों में कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व तथा कॉर्पोरेट पर्यावरण दायित्व के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों से अवगत करवाया।



पानीपत। रिफाइनरी के ईडी एमएल डहरिया के साथ साइकिल प्राप्त करने वाली छात्राएं आदि। फोटो : हरिभूमि

### हाइब्रिड एआई मॉडल पेटेंट किया

**पानीपत।** आर्य पीजी कॉलेज में कार्यरत प्राणीशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. गीतांजलि साहनी और उनकी टीम ने "हाइब्रिड एआई मॉडल फॉर पर्सनलाइज़्ड हेल्थकेयर डायग्नोसिस यूजिंग मल्टीमॉडल डेटा फ्यूज़न" नामक एक अत्याधुनिक पेटेंट विकसित किया है। यह मॉडल विभिन्न प्रकार के चिकित्सकीय डेटा का उपयोग करके रोगी के लिए सटीक और व्यक्तिगत स्वास्थ्य निदान प्रदान करता है। यह हाइब्रिड एआई मॉडल मशीन लर्निंग और डीप लर्निंग तकनीकों को मिलाकर एक उन्नत प्रणाली बनाता है, जो विभिन्न प्रकार के चिकित्सकीय डेटा को एकीकृत करके सटीक निदान करने में सक्षम है।

# इंसान के जीवन को उमंग से भर देता है संगीत

- आईबी पीजी के संगीत विभाग द्वारा गीत यंत्र थीम पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित
- विजेताओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल सांगीतिक भविष्य की कामना

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

आईबी पीजी के संगीत (गायन तथा वादन) विभाग द्वारा गीत यंत्र थीम पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तथा अपनी कल्पनाओं को कागज पर उतारकर अपनी प्रतिभा एवं सृजनशीलता का परिचय दिया। इस अवसर पर आईबी सोसायटी के महासचिव रवि गोसाईं, महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक तथा सांस्कृतिक समिति की संयोजिका डॉ. सुनीता ढांडा ने सभी प्रतिभागियों के लिए शुभशंसा प्रेषित करते हुए उन्हें संगीत एवं अन्य कलाओं के क्षेत्र में अपनी रुचि एवं प्रतिभा को निखारने के लिए प्रेरित किया। निर्णायक मंडल ने सभी प्रस्तुतियों का अवलोकन किया तथा विजेताओं की घोषणा की जिसमें सानिया को प्रथम; लता को द्वितीय , दीप्ति एवं सिया को तृतीय पुरस्कार तथा ख़ुशी सैनी को सांत्वना पुरस्कार के लिए चुना गया। सभी विजेताओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर प्रतियोगिता की संयोजिका डॉ. भगवंत कौर तथा संगीत कला परिषद की संयोजिका डॉ. मोनिका वर्मा ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि संगीत विभाग ऐसी प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवा पीढ़ी को संगीत के प्रति आकर्षित करने एवं उचित मार्गदर्शन एवं मंच प्रदान करने हेतु कटिबद्ध है। इसके अतिरिक्त डॉ. निधान सिंह, विभागाध्यक्ष बोटनी, डॉ. विक्रम कुमार विभागाध्यक्ष केमिस्ट्री एवं संगीत विभाग से ललित कुमार एवं अमन कुमार ने भी विजेताओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल सांगीतिक भविष्य की कामना की।



पानीपत। आईबी कॉलेज की प्राचार्या डॉ शशि प्रभा मलिक के साथ विजेता विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

# समाधान कैंप में हो रही अधिकारियों की काबिलियत की परख: डॉ. दहिया

समाधान करके दुआएं कमानी चाहिए

- हम जितने ज्यादा लोगों की समस्याओं का समाधान करेंगे उतना ही हर व्यक्ति की यादों में रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

पानीपत के जिला सचिवालय में समाधान शिविर में जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने कहा कि हर मुश्किल के पीछे सफलता का सवेरा है। हर कठिन परिस्थितियों से बाहर निकलने से ही हमारी काबलियत की परख होती है। हमें समाधान शिविर में समस्या लेकर पहुंचने वाले नागरिकों के कार्य को अपने कल का ध्यान रखकर करना चाहिये। इस समाधान शिविर में अधिकारियों की काबिलियत का भी आंकलन हो रहा है। अधिकारियों को इसकी समझा होनी चाहिये। ज्यादा तीव्र गति से समस्याओं का समधान अधिकारियों को करना चाहिये। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिये की वे कृतज्ञता का सहारा लेकर समाधान शिविर में लोगों की समस्याओं का समाधान करके इस समाधान शिविर को सफल बनाये। हमें आम जन की समस्याओं के समाधान करने का अवसर मिला है। मौके को गवाना नहीं चाहिये व लागों की समस्याओं का समाधान करके दुआए कमानी चाहिये। डीसी ने कहा कि हम जितने ज्यादा लोगों की समस्याओं का समाधान करेंगे उतना ही हर व्यक्ति की यादों में रहेंगे। समस्याओं का समाधान करके देखें हमें अलग से खुशी का अहसास होगा। खुशी सिर्फ लागों की समस्याओं का समाधान करके ही हासिल होगी। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने कहा कि हमें जो जिम्मेदारी मिली है उसका निर्वहन करें।



समाधान कैंप में जनसुनवाई करते हुए डीसी, एसपी आदि अधिकारीगण।

### ट्रिपल इंजन की सरकार बनेगी

**पानीपत।** नगर निगम वार्ड नंबर 6 की भाजपा प्रत्याशी कोमल पांचाल ने आज भावना चौक के पास रमेश नगर में मास्टर रामकुमार द्वारा आयोजित चुनावी सभा में 9 मार्च को होने वाले नगर निगम चुनाव में कमल का बटन दबाकर मेयर पद की प्रत्याशी कोमल सैनी एवं पार्षद पद की प्रत्याशी कोमल पांचाल को वोट देने की अपील की। कोमल पांचाल ने कहा कि उनका एक ही मकसद है कि उनका वार्ड विकास के कार्यों में नंबर वन बने। ट्रिपल इंजन की सरकार बनेगी।

# अध्यापिका मीनाक्षी नारी शक्ति सेवा सम्मान से होंगी विभूषित

- अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सेक्टर 3 में समारोह का किया जाएगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च को सेक्टर 3 कुरुक्षेत्र के शिव मंदिर के प्रांगण में नारी शक्ति सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा और इसके साथ ही स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित, राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता शतकवीर डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से राष्ट्र को समर्पित करीब दो दर्जन महिलाओं को नारी शक्ति सेवा सम्मान से विभूषित किया जाएगा। हरियाणा राज्य से कुरुक्षेत्र जिले के राजकीय माध्यमिक विद्यालय अजराना खुर्द में कार्यरत संस्कृत अध्यापिका मीनाक्षी शर्मा को शिक्षण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान व अन्य सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़ कर भाग लेने के लिए सम्मानित किया जाएगा।

### छात्रों का स्वास्थ्य जांचा

**पानीपत।** पानीपत के गांव जलालपुर प्रथम स्थित पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ मध्यमिक विद्यालय में हेल्थ कैंप का आयोजन हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा किया गया। इधर, प्रधानाचार्य विनोद कुमार रावल की देख रेख में डा.अंजू गौतम सीएचसी बापौली, डा.सुदेश पाल, डा.यजुवेंद्र एवं उनकी सीएचसी बापौली की टीम द्वारा 340 बच्चों का स्वास्थ्य जांच गया। इस अवसर पर डा.हितेश चंद शर्मा, मोनिका, जय भगवान, विजय पाल, सविता, नीलम व कुसुम आदि मौजूद रहे।

## स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है : मलिक

# स्कूल टाइम से ही खेलों को अपनाएं युवा: साक्षी

- साक्षी मलिक इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी में दो दिवसीय 19वें वार्षिक एथलीट मीट के शुभारंभ पर बतौर मुख्य अतिथि पहुंची

हरिभूमि न्यूज ⏭ समालखा

ओलिंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान साक्षी मलिक ने कहा कि हमें स्कूल टाइम से ही खेलों में भाग लेना चाहिए। अपनी दिनचर्या में सभी को कोई न कोई खेल खेलना चाहिए। आप सुबह सैर पर जाएं, शारीरिक अभ्यास करें, किसी स्पोर्ट्स में भाग लें। इससे आप शारीरिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। कहते हैं कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है। साक्षी मलिक यहां पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी में दो दिवसीय 19वें वार्षिक एथलीट मीट के शुभारंभ पर बतौर मुख्य अतिथि पहुंची थीं। उनके साथ अर्जुन अवार्डी उनके पति सत्यव्रत कादियान भी मौजूद रहे। साक्षी मलिक ने खेल उत्सव में भाग ले रहे खिलाड़ियों से कहा कि ओलिंपिक में पचास प्रतिशत मेडल हरियाणवी लेकर आते हैं। हमें इस परंपरा को आगे बढ़ाए रखना है। यह काम युवा ही कर सकते हैं। उन्होंने खुद स्कूल टाइम में खेल प्रतियोगिता में भाग लेना शुरू कर दिया था। जिन बच्चों को खेलों में ही अपना करिअर बनाना है, उन्हें शुरू से ही अपने खेल पर फोकस करना चाहिए। अपने खान-पान पर ध्यान दें। अभ्यास करना न छोड़ें। अनुशासन में रहें। पाइट के वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने कहा कि खेल हमें जिंदगी में आगे बढ़ना सिखाते हैं। हार और जीत मायने नहीं रखती, मायने रखता है आपका हौसला। एक बार जिस रास्ते पर चल पड़ें, मंजिल पर पहुंचकर ही रूकें। खेलों में करिअर की अपार संभावनाएं हैं। हमारे खिलाड़ी देश का नाम रोशन कर रहे हैं। एथलीट मीट के शुभारंभ पर साक्षी मलिक ने मशाल जलाई। खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट किया। सचिव सुरेश तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, निदेशक डॉ.शक्ति कुमार, पाइट एनएफल स्कूल से प्रिंसिपल रेखा बजाज, स्पोर्ट्स ऑफिसर डॉ.बजरंग राणा ने भी खिलाड़ियों को प्रेरित किया। डीन डॉ.बीबी ने मंच संचालन किया।



**पानीपत।** पाइट में एथलीट मीट का ओलंपियन रेसलर साक्षी मलिक।

#### ये जीते

400 मीटर गर्ल्स दौड़ में बीटेक एआइडीएस से महिमा विजेता रहीं। बीसीए की पायल द्वितीय एवं बीकॉम की शिवानी तीसरे स्थान पर रहीं। 800 मीटर लड़कों की दौड़ में सिविल से निशांत विजेता रहे। फार्मेसी से जतिन द्वितीय और बीटेक के राहुल तीसरे स्थान पर रहे। बुआना लाखू के दिव्यांग जूडो खिलाड़ी रोहित को साक्षी मलिक ने पांच हजार रुपये देकर सम्मानित किया।

### पेटीएम क्यूआर कोड के जरिए चालान भरने की सुविधा शुरू

**कुरुक्षेत्र।** चालान भरने के लिए अब वाहन चालकों को दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। कुरुक्षेत्र पुलिस ने पेटीएम क्यूआर कोड के जरिए चालान भरने की सुविधा शुरू की है। पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के आदेशानुसार जिला पुलिस द्वारा इस सुविधा को शुरू किया गया। जानकारी देते हुए डीएसपी यातायात रोहतास कुमार ने बताया कि इस क्यूआर कोड को जिले के सभी थानों, चौकियों, ट्रैफिक बूथों और पुलिस कार्यालयों तथा कस्बा पेहवा, सैक्टर-13, सैक्टर-5 के सीएससी सैन्टरों में लगाया गया है। वाहन चालक पेटीएम से इस क्यूआर कोड को स्कैन करके चालान नंबर या वाहन नंबर डालने पर चालान की राशि दिखेगी, जिसे तुरंत भरा जा सकेगा। डीएसपी यातायात रोहतास ने बताया कि इससे लोगों का समय बचेगा।

**न्यायालय तहसीलदार कम सब- रजिस्ट्रार पानीपत।**

राजिन्द्र कुमार पुत्र श्री रमेश चन्द निवासी मकान नम्बर 354/13, रेलवे रोड, पानीपत

बनाम जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सुचित किया जाता है कि राजिन्द्र कुमार पुत्र श्री रमेश चन्द निवासी मकान नम्बर 354/13, रेलवे रोड, पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू अपने पिता श्री रमेश चन्द पुत्र श्री चानन दास की जायदाद एक किता दुकान स्टाल नम्बर 15, स्थित वार्ड नम्बर 3, वाका रेलवे रोड, नजदीक गीता कालोनी पानीपत बाबत इस कार्यालय मे पेष किया है। जिसमे स्पश्ट रूप से बताया गया है कि स्वर्गीय श्री रमेश चन्द पुत्र श्री चानन दास निवासी मकान नम्बर 354/13, रेलवे रोड, पानीपत की दिनांक 07/04/1993 को मृत्यु हो चुकी है। एंवत श्रीमती मोहिनी देवी धर्मपत्नी श्री रमेश चन्द की दिनांक 04/12/2010 को मृत्यु हो चुकि है। जिनकी मृत्यु बाद उनके निम्न वारस है: 1-गीता देवी पुत्री व 2- दुर्गा देवी पुत्री व 3- लक्ष्मी देवी पुत्री व 4 माया देवी पुत्री व 5-आरती देवी पुत्री य 6 बबली देवी पुत्री व 7- ओम प्रकाष पुत्र व 8 मनोहर लाल गेहलोत पुत्र व - राजिन्द्र कुमार पुत्र है। कुल 9 वारस है, अन्य कोई वारस नही है।

इनके इलावा मृतक श्री रमेश चन्द पुत्र श्री चानन दास का अन्य कोई वारिसध्उतराधिकारी नही है। जिसके सम्बंध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रचुत किया है। इसलिए हर आम व खास को इस इश्तहार / नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोकत मृतक के बताये गये वारिसध्उतराधिकारी के बाबत कोई षक एंवम इतराज हो तो वह स्वंयध्अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाषन के उपरान्त ३० दिन के अन्दर-2 इस कार्यालय में कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेष कर सकता है, अन्यथा उपरोकत तथ्यो के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जावेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिंनाक 4/3/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

तहसीलदार-कम-सयुक्त सब-रजिस्ट्रार पानीपत

## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी कुलविंद्र उर्फ कुल्ली व सचिन को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने आरोपियों से एक ट्रैक्टर को भी बरामद किया गया है। कमल विहार के रहने वाले सुधीर कुमार ने 4 मार्च को शिकायत दर्ज करवाई थी कि किसी ने उसके घर के बाहर से से उसकी बाइक चोरी कर ली है।

### खरीदारों की पसंद बनी एमजी हेक्टर

**अंबाला।** एमजी हेक्टर भारतीय कार खरीदारों के लिए लगातार पहली पसंद बनी हुई है। यह गाड़ी बगैर भारी कीमत के स्टाइल, स्पेस, आराम और अत्याधुनिक तकनीक की तलाश में हैं। साथ ही 500 रुपये प्रति माह का कम मेंटेनेंस खर्च. प्रीमियम हैचबेक की तुलना में कम मेंटेनेंस खर्च के साथ, एमजी हेक्टर 2024 में एसयूवी श्रेणी में एक स्मार्ट निवेश के रूप में उभरकर सामने आई है।

### तीन शिकायतों का मौके पर ही निपटान किया

**अंबाला।** जिला स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में वीरवार को अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. ब्रहमजीत ने यहां पहुंचे प्रार्थियों की समस्याओं को विस्तार पूर्वक सुनते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को शिकायत मार्क कर उनका निवारण करने बारे निर्देश दिए। समाधान शिविर में 4 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें तीन शिकायतों का मौके पर ही निपटान कर दिया तथा शेष बची एक शिकायत को भी मार्क करते हुए जल्द से जल्द निपटान करने के निर्देश दिए।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज लूट के मामले में पुलिस ने दो अन्य आरोपी महिला को गिरफ्तार किया है। इस मामले में तीन महिलाओं को पहले ही गिरफ्तार किया गया है। शिवालिक कॉलोनीके सुधीर कुमार ने 6 फरवरी 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि भारत बर्तन भंडार से कई महिलाओं ने उसकी दुकान से नकदी व बर्तन चोरी किए हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

## आचार संहिता हटते ही प्रारंभ होगी विमान सेवा

# डोमेस्टिक एयरपोर्ट से चार जगह के लिए उड़ान को मिली मंजूरी

### एयरपोर्ट पर सिविल वर्क का कार्य भी पूरा, विज बोले-विमान सेवाएं शुरू होते ही विकास के खुलेंगे नए रास्ते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला के डोमेस्टिक एयरपोर्ट से चार स्थानों के लिए उड़ान को मंजूरी मिल गई है। इसमें अंबाला से अयोध्या, जम्मू, श्रीनगर और लखनऊ रूट को फाइनल किया है। अब इन रूटों पर विमान सेवा प्रदाता कंपनी को लाने के लिए प्रक्रिया चल रही है। यह काम प्रदेश का नागरिक उड्डयन विभाग और एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के जरिये किया जा रहा है। उधर अंबाला छावनी में घरेलू एयरपोर्ट पर जो सिविल कार्य होना था वह पूरा हो चुका है। इसके साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से स्टॉफ को विशेष प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है।



**अंबाला।** डोमेसट्रिक एयरपोर्ट का बाहरी दृश्य। *फोटो : हरिभूमि*

### छावनी एयरपोर्ट होगा टर्मिनल का नाम

डोमेस्टिक एयरपोर्ट से उड़ान शुरू होने से पहले उसका नाम भी फाइनल कर दिया गया है। इस टर्मिनल का नाम भी छावनी एयरपोर्ट रखा है। यह नाम इसीलिए रखा गया जिससे कि नाम के लिए किसी प्रकार की बड़ी प्रक्रिया में समय जाया न हो। सब कुछ ठीक रहा तो आचार संहिता के बाद कुछ ही समय में यहां से इन चारों रूटों पर उड़ान शुरू हो सकेगी। परिवहन मंत्री अनिल विज ने बताया कि केंद्र सरकार की आरसीएस यानि रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम, जिसे उड़ान भी कहा जाता है। इसके तहत पहले अंबाला से अयोध्या और अंबाला से श्रीनगर दो रूटों को चुना गया था। इसके बाद ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने जम्मू और लखनऊ रूट को लेकर भी प्रयास शुरू किए। ऐसे में अब चारों रूटों को नागरिक उड्डयन विभाग ने चुन लिया है। अब इंतजार किया जा रहा है कि इन रूटों पर उड़ान सेवा शुरू करने के लिए कंपनी को फाइनल कर उनके साथ सभी प्रक्रिया पूरी कर ली जाए।

#### एयर कनेक्टीविटी से होगा फायदा

बताया जाता है कि कई बड़ी एयरलाइन भी अंबाला छावनी से विमान सेवा प्रारंभ करने की इच्छुक भी हैं। हालांकि अभी तक नागरिक उड्डयन विभाग ने यह साफ नहीं किया है कि कौन सी कंपनी इन रूटों पर सेवाएं देने को तैयार है। बता दें कि एयरफोर्स स्टेशन के पास लगती डेयरी फार्म की 20 एकड़ जमीन पर टर्मिनल तैयार किया गया है। यह जमीन रक्षा मंत्रालय से अब नागरिक उड्डयन विभाग के नाम स्थानांतरित की जा चुकी है। प्रदेश सरकार की तरफ से इसके 133 करोड़ रुपये प्रदेश सरकार ने रक्षा मंत्रालय को जारी किए हैं। टर्मिनल के सिविल वर्क के लिए 16 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि से कार्य कराया गया है। यह सभी कार्य लगभग पूरे हो चुके हैं। अब एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया यहां पर उड़ान शुरू करने के लिए प्रक्रिया कर रहा है।

#### विमान कई राज्यों की उड़ान भरेंगे

एयर कनेक्टिविटी शुरू होने से अंबाला को भारी फायदा होगा। दरअसल लंबे से अंबाला में डोमेस्टिक एयरपोर्ट के निर्माण को लेकर काम चल रहा था। परिवहन मंत्री अनिल विज ने इसके लिए बेहतर प्रयास किए। इन प्रयासों की बदौलत अब अंबाला अयोध्या, जम्मू व लखनउ से सीधे जुड़ जाएगा। आने वाले दिनों में से कई विमान कई राज्यों की उड़ान भरेंगे। मंत्री की मानें तो यहां एयर कनेक्टिविटी शुरू होने से विकास के नए रास्ते भी खुलेंगे। साथ ही लोगों को रोजगार के भी अवसर मिलेंगे। फिलहाल निकाय चुनाव की मतगणना पूरी होने के बाद आचार संहिता हटते ही डोमेस्टिक एयरपोर्ट से विमान सेवाएं शुरू होने की बात कही जा रही है।

## योगा फेडरेशन ने प्रारंभ की होम्योपैथी डिस्पेंसरी


**अंबाला।** डिस्पेंसरी में मरीज को चेक करता चिकित्सक।

- लंबे समय से चल रही थी डिस्पेंसरी खोलने की तैयारी, सस्ते दाम पर मरीजों को मिलेगा उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

योगा फेडरेशन ने वीरवार को होम्योपैथी डिस्पेंसरी को शुरूआत की। प्रधान राजिंदर विज ने बताया कि होम्योपैथी डिस्पेंसरी का उद्घाटन डॉक्टरों को फूल माला पहनकर विधिपूर्वक सेंटर का चार्ज दिया गया ताकि होम्योपैथी डिस्पेंसरी की सुविधा का आम जनता को मिल सके। सचिव अश्विनी जैन ने बताया कि होम्योपैथी डिस्पेंसरी में डॉक्टर सक्षम शर्मा ने अपनी सेवाएं प्रदान करनी शुरू कर दी है। लोगों ने इसका लाभ उठाना शुरूकर दिया है। यहां पर लोगों को बहुत ही कम शुल्क पर होम्योपैथी डिस्पेंसरी की विभिन्न सेवाएं प्रदान की जाएगी। यह सुविधा सुबह 9 से 1 बजे तक उपलब्ध रहेगी। कार्यकारी प्रेसिडेंट सुनीता अरोड़ा ने बताया कि इससे पहले योगा फेडरेशन ने फरवरी में आयुष के साथ मिल कर एक आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी व स्वस्थ वेलनेस सेंटर भी इसी कार्यालय में शुरू किया था जिसमें आयुष विभाग की एक डॉक्टर फ्री सेवाएं प्रदान कर रहें है। इसमें ओपीडी के दिन 150 से लेकर 200 मरीज इस अस्पताल की फ्री सुविधा का लाभ उठा रहे हैं। फेडरेशन द्वारा इसी कार्यालय में पंचकर्म एवं फिजियोथैरेपी की सुविधा भी नाम मात्र शुल्क पर प्रदान की जा रही है।

#### ये रहे मौजूद

गौरतलब है कि इस स्वास्थ्य कल्याण केंद्र में मरीजों को प्रमार्श और आयुर्वेदिक दवाई मुफ्त में उपलब्ध कराई जा रही है। पंचकर्म के अंतर्गत इस वेलनेस सेंटर में मसाज, स्टीम बाथ, शिरोधारा, जल नीति और जोंक विधि से भी लोगों का इलाज किया जाता है। मौके पर कार्यकारिणी सदस्य कमलप्रीत कौर व लोकेश दत्त भी उपस्थित रहे।

## जल शोधन सयंत्र का मुआयना किया

- जीएमएन कॉलेज ऑफ नर्सिंग ने सेक्टर 34 स्थित स्थापित जल शोधन सयंत्र से लिया शैक्षिक अनुभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जीएमएन कॉलेज ऑफ नर्सिंग के लगभग 60 छात्रों ने सेक्टर 34, घसीटपुर जल शोधन सयंत्र का मुआयना किया। इस शैक्षिक यात्रा का मुख्य उद्देश्य छात्रों को जल शोधन प्रक्रियाओं की बारीकियों से अवगत कराना और व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना था। इससे वे अपने नर्सिंग अभ्यास में स्वास्थ्य और स्वच्छता से संबंधित महत्वपूर्ण पहलुओं को बेहतर ढंग से समझ सके। इस दौरे से समाज में रह रहे पेयजल से ग्रसित मरीजों को भी इसका लाभ मिल सके।और उनके परिजनों को भी स्वच्छ जलपान के महत्व की जानकारी प्रदान कर सके। इस दौरे के दौरान छात्रों को जल शोधन सयंत्र के विशेषज्ञों द्वारा जल को शुद्ध करने की विभिन्न वैज्ञानिक प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। जैसे कि स्क्रीनिंग, कोएग्युलेशन ,फिल्ट्रेशन, डिसइंफेक्शन इत्यादि। संयंत्र में कार्यरत विशेषज्ञों ने छात्रों को जल शोधन की नवीनतम तकनीकों के बारे में भी जानकारी दी। इस दौरान जीएमएन कॉलेज ऑफ नर्सिंग की शिक्षिका डॉ. रमारानी और शिवानी शर्मा भी छात्रों के साथ उपस्थित रहीं। उन्होंने बताया कि जीएनएम नर्सिंग पाठ्यक्रम में जल शोधन प्रक्रिया का अध्ययन अनिवार्य रूप से शामिल किया गया है ताकि छात्र यह समझ सकें कि स्वच्छ पेयजल मानव स्वास्थ्य के लिए कितना महत्वपूर्ण है।


**अंबाला।** जल शोधन सयंत्र का मुआयना करते नर्सिंग के छात्र।

## अंबाला सेंट्रल जेल से 8 बंदियों को मिली रिहाई

- सीजेएम बोले जेल में हर महीने लोक अदालत का होता है आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला सेंट्रल जेल में वीरवार को लोक अदालत का आयोजन किया गया। सीजेएम एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रवीण की अध्यक्षता में अदालत का आयोजन किया गया। इसमें 27 मुकदमें रखे गए थे जिनमे नियमानुसार 5 मुकदमों का निपटारा किया गया और 8 बंदियों को निर्धारित शर्तो पर रिहा किए गया। सीजेएम प्रवीण ने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुश्री कंचन माही के मार्गदर्शन मे प्रतिमाह जेल लोक अदालत का आयोजन किया जाता है।

इसके अलावा बिजली, पानी इत्यादि संबंधित प्री लिटिगेशन स्टेज पर मुकदमें स्थायी लोक अदालत मे लगाकार निपटाए जा सकते हैं। स्थायी लोक अदालत, जिला एडीआर सेंटर, अम्बाला मे स्थापित है। किसी भी कार्यदिवस पर इसके मुकदमें लगा सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय, व सब डिवीजन, नारायणगढ की अदालतों मे 8 मार्च 2025 को किया जाएगा। इसके अतिरिक्त स्थाई लोक अदालत व उपभोक्ता अदालत मे नेशनल लोक अदालत का आयोजन 7 मार्च 2025 को किया जाएगा।


**अंबाला।** जेल में लगी लोक अदालत के दौरान केसों की सुनवाई करते न्यायाधीश।

#### धन की बचत

सीजेएम प्रवीण ने जनसाधारण से अपील की कि वे अदालत मे लंबित मुकदमें व प्री लिटिगेशन स्टेज पर मुकदमे इस लोक अदालत मे रख कर उनका निपटारा करवा सकते हैं। आपसी समझौते से मुकदमें का निपटारा होने पर भाईचारे की भावना बढ़ती है। लोक अदालत में समझौता मुकदमों की अपील भी नहीं होती जिससे समय व धन की बचत होती है। प्राधिकरण सचिव ने आह्वान किया कि राष्ट्रीय लोक अदालत को एक उत्सव की तरह मनाना चाहिए।

## उपायुक्त ने अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश


**अंबाला।** निकाय चुनाव की मतगणतना को लेकर अधिकारियों से बातचीत करते डीसी। फोटो : हरिभूमि

- तीनों मतगणना केंद्रों की सुरक्षा पुख्ता करने के निर्देश, ड्यूटी में लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि 12 मार्च को निकाय चुनाव की 8 बजे मतगणना का कार्य शुरू किया जाएगा। इसी कड़ी में जिला निर्वाचन अधिकारी ने ऑनलाईन प्रक्रिया के माध्यम से काउंटिंग स्टॉफ की रेंडमाइजेशन करते हुए आरओ वाइज उन्हें अलॉट किया गया। मौके पर रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम अंबाला छावनी विनेश कुमार, रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम बराड़ा अमित भारद्वाज, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं सीटीएम पूजा कुमारी, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त पुनीत कुमार मौजूद रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी अजय सिंह तोमर ने कहा कि चुनाव से जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों ने जिले में निकाय चुनाव को शांतिपूर्वक व पूरी पादर्शिता के साथ करवाने में बेहतर सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार वह मतगणना के कार्य को भी पूरी पारदर्शिता के साथ करना सुनिश्चित करें। कहा कि चुनाव आयोग की हिदायतों की अनुपालना के तहत मतगणना से जुड़े कार्यों को करना हैं। यह भी बताया कि 12 मार्च दिन बुधवार को निकाय चुनाव के दृष्टिगत मेयर पद के उप चुनाव के लिए मतगणना का कार्य ओपीएस विद्या मंदिर सेक्टर 9 स्कूल अम्बाला शहर में में, नप अंबाला छावनी के चुनाव की मतगणना एसडी कॉलेज छावनी में व बराड़ा नपा चुनाव की मतगणना डीएवी स्कूल बराड़ा में होगी।

#### ये रहे मौजूद

जिला निर्वाचन अधिकारी अजय सिंह तोमर ने संबंधित रिटर्निंग अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि मतगणना से पहले सभी आवश्यक प्रबधं एवं तैयारियां सुनिश्चित हो जानी चाहिए। इसके साथ-साथ मतगणना के कार्य में काउंटिंग स्टॉफ को किसी प्रकार की कोई परेशानी न आए इसके लिए 10 मार्च को मतगणना से जुड़े कर्मचारियों व अधिकारियों की रिहर्सल भी करवाई जाए। एआरओ एवं तहसीलदार प्रियंका, एआरओ व तहसीलदार आदित्य, एआरओ एवं नायब तहसीलदार सुनील कुमार भी मौजूद रहे।

### अंबाला: हादसे में कार क्षतिग्रस्त, हंगामा किया

**अंबाला।** एक डंपर ने एक कार में टक्कर मार दी। टक्कर में एक कार पीछे से बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में हंगामा हो गया। काफी देर तक रोड जाम रहा। मौके पर पुलिस ने पहुंच कर मामले को संज्ञान में लेकर कार्रवाई शुरू की है। मामला अंबाला शहर के मॉडल टाउन स्थित सेक्टर 7 का है। जहां प्रेम नगर की ओर से एक कार आ रही थी। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने कार में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से कार पीछे से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि कोई हताहत नहीं हुई। कार मालिक ने गाड़ी रोककर डंपर वाले को रोक लिया और पुलिस को घटना की जानकारी दे दी। जब तक पुलिस पहुंची रोड पर जाम लग गया।

## सरकार के खिलाफ जताया रोष

- सफाई ठेकेदार पर कर्मचारियों के हितों से खिलवाड़ करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

ठेका प्रथा को लेकर कर्मचारियों ने राज्य सरकार पर हमला बोला। ठेका सफाई कर्मचारियों के प्रधान सतीश रसोर व शशांक हंस तथा सीटू नेता सतीश सेठी ने कहा कि शोषण व भृष्टाचार की जननी ठेकेदारी प्रथा के कारण शहरवासियो व कर्मचारियों की मुश्किलें दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। उपर से सचिव नगरपालिका अपने ही वर्क ऑर्डर को लागू करवाने में पूरी तरह बेबस नजर आ रहें है। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि नाइट स्वीपिंग ठेकेदार ने पिछले दस महीने में वर्क ऑर्डर की एक भी शर्त को पूरा नहीं किया है। सरकार द्वारा निश्चित वेतन हाजिरी मुताबिक कर्मचारियों को अ तक नहीं मिला है। जबकि यह हर महीने की 7 तारीख तक मिलना चाहिए। यहां तक कि वर्दी, बूट, पीएफ व इएसआई का लाभ देने का स्पष्ट उल्लेख होने के बावजूद नहीं दिया गया है। दो महीने बाद यह ठेका खत्म हो जाएगा। परंतु प्रशासन हाथ पर हाथ धरकर बैठा है।

इससे पहले यही हाल कूड़ा उठाने वाले ठेकेदार ने भी किया था। उसने भी साल भर वर्क आर्डर को रद्दी की टोकरी में डालकर लूट मचाई। यहां तक कि प्रशासन के नाक के नीचे खुले में कूड़ा डालकर वातावरण को प्रदूषित कर नागरिकों की जिंदगी से खिलवाड़ किया।


**नारायणगढ़।** बैठक करते सफाई कर्मी व सीटू नेता। फोटो : हरिभूमि

## कारोबारी की फॉच्र्यूनर पर किया हाथ साफ

- सिक्योरिटी अलॉर्म बजने के बावजूद किसी को नहीं लगी कार चोरी की भनक

**अंबाला।** कार में सवार होकर आए तीन आरोपी शहर के सेक्टर-9 से कारोबारी परविंदर की फॉर्च्यूनर कार चोरी कर ले गए। चौकाने वाली बात यह है कि चंद मिनटों में ही दो चोरों ने घर के बाहर खड़ी कार का सिक्योरिटी अलार्म बजने के बावजूद इस वारदात को अंजाम दिया। जबकि मालिक व पड़ोसियों को इसकी खबर तक नहीं लगी। सुबह मालिक ने सीसीटीवी फुटेज खंगाली तो उससे चोरी का पता चला। पुलिस ने कारोबारी परविंद्र सिंह की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहा है कि चोर मंगलवार को एक कार में आते हैं। रेकी करने के बाद एक चोर पहले तो घर में झांकता है। जब कोई नहीं दिखता तो बोनट के साथ छेड़छाड़ करता है।दूसरे साथी के आने के बाद जैसे ही फॉर्च्यूनर कार का लॉक खोलते हैं तो अचानक अलार्म बज जाता है। इतने में एक चोर तुरंत ही बोनट खोलकर अलार्म के स्पीकर की तार काट देता है। ऐसे में आवाज आना बंद हो जाती है लेकिन कार के चारों इंडीकेटर चलते रहते हैं। इतने में दोनों शातिर चंद ही मिनट में कार खोलने के बाद लेकर फरार हो जाते हैं। इस बीच एक चोर अपनी कार में बैठा रहता है।

**कार्यक्रम** | शिव जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में बोली बीके बहनें

# हमें केवल एक दिन ही नहीं जीवन भर खुश रहना चाहिए: शैली बहन

### ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि में त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। अवसर पर पूर्व विधायक डॉक्टर पवन सैनी मुख्य अतिथि रहे। अंबाला कैंट से पधारी राज योगिनी ब्रह्माकुमारी शैली बहन ने मुश्किलों में मुस्कुराना नामक टॉपिक पर सभी को प्रवचन दिया। उन्होंने कहा कि हमें इस पावन पर्व को मानते हुए सिर्फ एक दिन नहीं बल्कि हर दिन सदा खुश रहना चाहिए। वास्तव में खुश रहने के लिए कोई शर्त नहीं होनी चाहिए जब सर्वशक्तिमान परमात्मा सारी दुनिया की मुश्किलों को दूर करने वाला है । जब हम उसके उसको अपने साथ रखते हैं तो हम कभी भी उदास नहीं हो सकते क्योंकि दुनिया के सभी मुश्किल से मुश्किल कार्य है वह परमपिता परमात्मा कर सकता है। रायपुररानी से आई ब्रह्माकुमारी राजयोगिनी बीके किरण दीदी ने सुंदर गीतों के माध्यम से परमात्मा संदेश दिया और सबको शिवरात्रि का रहस्य समझाया उन्होंने समझाया कि अपने मन का वेयर विरोधी हमें खत्म करना चाहिए। हम सभी जो देह अभिमान के अधीन जो बुरे कर्म करते हैं उन्हें हमें छोड़ना चाहिए। जीवन को शुद्ध और पवित्र बनाने का सच्चा सच्चा व्रत हमें लेना चाहिए न किसी को दुख देना चाहिए।



**नारायणगढ़।** मंच पर आसीन मुख्य अतिथि व अन्य। फोटो : हरिभूमि

#### कार्यों की प्रशंसा की

पूर्व विधायक डॉ पवन सैनी ने ब्रह्मा कुमारीज संस्था के कार्यों की प्रशंसा की और कहा कि ऐसे प्रोग्राम का आयोजन का आयोजन प्रतिदिन किया जाना चाहिए और हर किसी को ऐसे कार्यक्रमों का लाभ लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें भी जीवन में तीन बातें अपनाना चाहिए एक तो लीव इट दूसरा टेक आईटी ईजी तो अपने आप सब कुछ ऑल इज वेल हो जाएगा ।

#### ये रहे उपस्थित

उन्होंने बताया कि हमें बातों को दिल पर ना रख कर उन्हें छोड़ देना चाहिए अंबाला से आए बीके राकेश मेहता ने मंच संचालन किया तथा सभी को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में कराए जाने वाले साप्ताहिक कोर्स के लिए प्रेरित किया जो निशुल्क सभी सेवा केंद्र पर कराया जाता है जिसे करके सभी का जीवन खुशनुमा व स्वस्थ बन सकता है अंत में सेवा केंद्र संचालिका बी के हरदीप बहाने सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर राकेश बिंदल, डॉक्टर राजेंद्र , अशोक कालड़ा, डॉक्टर संतोष पसरिचा , एसएचओ वीरेंद्र वालिया, अमित वालिया व महंत रघुनाथ भी उपस्थित थे।